तापमान

अधिकतम 44.6 डिग्री

न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



गुरुवार को सिंधी कॉलोनी स्थित ट्रांसफार्मर के केबल में आग लग गई ,जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 24 को हरदेवलाल मंदिर में

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौंजन्य से 24 मई रविवार को गोल बाजार हरदेव लाल मंदिर प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द्र प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगी। शिविर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा।

### सदस्यता सूची पर दावा आपत्ति 27 तक

**बिलासपुर।** ड्रीम इम्पीरिया आवासीय सहकारी समिति जगदम्बा कॉलोनी सरकण्डा की सदस्यता सूची का प्रकाशन किया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 27 मई तक सोसाइटी कार्यालय में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 मई को किया जाएगा जिसमें सोसाइटी सदस्य उपस्थित हो सकते हैं।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश परीक्षाः दावा-आपत्ति 30 तक

**बिलासपुर।** जिले के प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के मॉडल आंसर जारी किया गया है। विभागीय वेबसाइट eklavya.cg.nic.in से मॉडल उत्तर देखे जा सकते हैं। जारी मॉडल आंसर के संबंध में दावा आपत्ति आवेदक अपने गृह जिले के संबंधित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 30 मई तक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बिना प्रमाण के दावा-आपत्ति अमान्य होगा एवं डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ का निर्वाचन 31 को

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ का 2026 -28 के लिए निर्वाचन 31 मई को अनुभव भवन बृहस्पति बाजार के पास सुबह 9 से 2 बजे तक वोट डाला जाएगा। चुनाव अधिकारी डा .प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस निर्वाचन में अध्यक्ष पद के लिए अरविन्द दीक्षित एवं अनिल व्यास उपाध्यक्ष पद के लिए डी पी गुप्ता एवं अनिल दीवान, सचिव पद के लिए बालगोविन्द अग्रवाल एवं मेघा ताम्हने, कोषाध्यक्ष के लिए प्रभात मिश्रा व प्रकाश जोशी के मध्य मुकाबला है। कार्यकारिणी सदस्य के 10 पद के लिए 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें नित्यानंद अग्रवाल, जालिम सिंह भामरा, भरत लाल देवांगन, अनिता दीवान, यादवेन्द्रधर दीवान, रोहित कुमार गेंदले, सुश्री सीता गुप्ता, सतीश कुमार पाण्डेय, प्रवेश पुरी, प्रेमलता राजपूत, राम नारायण राव, बैजनाथ सैनी, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मीना शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा शामिल हैं।

### उत्कर्ष योजना के तहत आवेदन 20 जून तक

**बिलासपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को वर्ष 2026-27 में राज्य के उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी को अपने विद्यालय में 20 जून तक आवेदन जमा करना होगा। प्रवेश के लिए 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा होगी। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है। योजना के तहत केवल छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के ऐसे छात्र-छात्राएं आवेदन के पात्र होंगे, जो राज्य में संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हों तथा कक्षा 4वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किए हों।

# मौसम का अलर्ट, 12 से 4 बजे तक बरसेंगे अंगारे, हीटवेव की चपेट में इलाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रचंड गर्मी के तेवर से पूरा प्रदेश तप रहा है, बिलासपुर सहित कई जिलों में आसमान से आग बरस रही है, यही कारण है कि तापमान 45 डिग्री के आसपास जा पहुंचा है। गर्मी के कारण लोगों को ना तो दिन में चैन आ रहा है और ना रात सुकून से कट रही है, मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए दोपहर 12 से 4 बजे के बीच लोगों को बाहर निकलने से पहले एतिहात बरतने के लिए कह दिया है, आने वाले 4 से 5 दिनों तक मौसम में कोई बदलाव के आसार नहीं है।

उगते साथ ही सूरज की तेवर तीखे हो रहे हैं, सुबह 9 बजे से बाहर निकलने पर लोगों को आसमान से आ रहे अंगारे झेलने पड़ रहे हैं, दोपहर दो बजे तक सड़कों पर चलने वालों को गर्म भट्टी का अहसास होने लगा है। इस दौरान अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री है, जिसके चलते रात और दिन दोनों समय गर्मी अपने पूरे शबाब पर है।

रात 9 बजे तक लू के थपेड़े सहने पड़ रहे हैं। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है, इस दौरान लोगों को धूप में निकलने से पहले सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है, दोपहर 12 से 4 बजे तक सूरज से भयंकर किरणों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे सनबर्न, डिहाईड्रेशन का खतरा बढ़ चुका है। आने वाले दिनों में 44 से 46 डिग्री के बीच तापमान रहने की आशंका है।



नेहरू चौक पर सिग्नल के दौरान लगा रहा जाम। धूप में परेशान होते रहे लोग।


### सड़कें हो रहीं सुनसान

दोपहर के समय जिन लोगों को जरूरी काम से बाहर जाना है, वही सड़कों पर दिख रहे हैं, जबकि फेरी लगाने वाले, आटो रिक्शा और अन्य वाहनों की संख्या कम हो चुकी है। इस दौरान कई व्यस्त सड़कें सुनसान हो जाती हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा तकलीफ मवेशियों को सहनी पड़ रही है, छांव की तलाश में उन्हें भी सिर छिपाने की जगह ढूंढनी पड़ रही है।

## सूखी पेड़ की डालियां, दुर्घटना को आमंत्रण







*बिलासपुर। सड़क किनारों पर हरियाली के लगाए गए पेड़ों में से कुछ पेड़ समय के साथ सूख चुके हैं, इस सूखें पेड़ों से अब हादसों का खतरा मंडराने लगा है, लेकिन बिजली विभाग और नगर निगम के कर्मचारियों को इन पेड़ों की दशा नहीं दिख रही है। यहीं कारण है कि पेड़ों को हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए है। दरअसल पिछले दिनों आए आंधी और तूफान में शहर के कई पेड़ धराशायी हो गए थे, लेकिन आने वाले बारिश के दिनों में यह सूखे पेड़ मुसीबत साबित हो सकते है। राजेन्द्र नगर चौक से नेहरू चौक जाने वाले मार्ग, कलेक्ट्रोरेट, जीडीसी कालेज के सामने लिंक रोड, बजरंग काम्प्लेक्स तेलीपारा सहित तमाम जगहों पर सूखे पेड़ मौजूद हैं। जिससे जान और माल का खतरा बना हुआ है, खास बात यह है कि यह पेड़ बिजली के तारों से उलझे हुए है लेकिन इसके बावजूद इसे हटाया नहीं गया है।*

# रिटायर्ड कर्मी व एक व्यक्ति से लाखों की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन ठगी करने वालों ने अब एक नया रास्ता अपना लिया है, वे बिना गोपनीय जानकारी लिए आनलाइन ठगी करने लगे हैं। एक रिटायर्ड कर्मी व एक व्यक्ति ने ठगों को बैंक एकाउंट संबंधी कोई जानकारी नहीं दी, फिर भी ठगों ने उनसे लाखों रुपए की आनलाइन ठगी कर ली है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।



- अब ठगी के ऐसे मामले भी आने लगे सामने

सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्डकर्मी बृजलाल श्रीवास पेंशन के सहारे जीवन यापन कर रहे हैं। हाल ही में वे बैंक गए तो उन्हें जानकारी हुई उनके यूनियन बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक खातों से अलग अलग तिथियों में लगभग 4 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए गए हैं। जबकि उन्होंने किसी को भी बैंक खाता संबंधी गोपनीय जानकारी नहीं दी है। इसी तरह सकरी क्षेत्र में रहने वाले जितेन्द्र दुबे ने रिपोर्ट लिखाई। वे ट्रेडिंग का काम करते हैं। उनके बैंक खाते से 68 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। उन्होंने किसी को बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी नहीं दी है। उसके बाद भी उनके बैंक खाते से पैसा ट्रांसफर कर लिया गया है। पुलिस दोनों मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

## कस्तूरबा नगर, महामाया विहार और नेहरू नगर क्षेत्र में बिजली की समस्या

# बिजली बंद होने से परेशान लोगों ने घेरा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली की समस्या को लेकर कस्तूरबा नगर, कारगिल चौक, जरहाभाठा सहित नेहरू नगर डिवीजन के उपभोक्ताओं ने गुरूवार की दोपहर 12 बजे कार्यालय का घेराव कर दिया। वार्ड पार्षद भरत कश्यप के साथ करीब 30 से अधिक लोगों ने ईई से मुलाकात कर क्षेत्र की बिजली सप्लाई को लेकर जमकर बवाल मचाया। इस दौरान अधिकारियों ने शाम तक क्षेत्र में केबल में सुधार कर उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाई है।

- वार्ड पार्षदों के साथ पहुंचे थे उपभोक्ता

तापमान 45 डिग्री जा पहुंचा है, इस दौरान बिजली का लोड भी बेतहाशा बढ़ चुका है, जिसके चलते आए दिन बिजली बंद की समस्या आ रही है। पिछले 3 दिनों से वार्ड 19 कस्तूरबा नगर, कारगिल चौक, जरहाभाठ, महामाया विहार, नेहरू नगर, मंगला क्षेत्र में बिजली बंद के कारण लोगों का जीना मुहाल हो चुका है।

गुरूवार को करीब 30 से अधिक लोगों ने पश्चिमी डिवीजन के नेहरू नगर कार्यालय का घेराव कर दिया, ईई बीबी नेताम से मुलाकात कर बिजली बंद, कर्मचारियों की लापरवाही और शिकायतों पर निराकरण नहीं करने पर जमकर आड़े हाथों लिया, लोगों का कहना है कि बार- बार शिकायत के बाद भी क्षेत्र में बिजली बंद की समस्या व्याप्त है, आधी रात को बिजली बंद होने के बाद सुबह तक बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है, इस दौरान फ्यूज कॉल और कर्मचारियों की लापरवाही और मनमानी की शिकायत भी ईई से की गई है। जिसके बाद दोपहर से ही कस्तुरबा नगर, सिंधी कालोनी के आसपास केबल बदला गया और शाम तक सप्लाई नार्मल कर दी गई है।



गुरुवार को नेहरू नगर विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव करते नागरिक।

### अधिकारी,कर्मचारी लापरवाही कर रहे

ऊर्जा विभाग मुख्यमंत्री का विभाग है, इसके बावजूद क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली अधिकारी व कर्मचारी सप्लाई को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं, इसलिए लोगों को अपनी बात कहने के लिए कार्यालय तक आना पड़ रहा है।

-**भरत कश्यप**, पार्षद

### लोड बढ़ने से आ रही खराबी

लोड अचानक बढ़ा है, जिसके चलते केबल व ट्रांसफार्मर में खराबी आ रही है, लोगों की शिकायत के बाद टीम को भेजा गया है, समस्या का समाधान किया गया है।

-**भरत भुषण नेताम**, ईई, पश्चिमी डिवीजन

### लोड की समस्या नाकाम हो रही कोशिश

बिजली विभाग ने पश्चिमी डिवीजन के अंतर्गत 40 से अधिक नए ट्रांसफार्मर लगाए है, वहीं 13 ट्रांसफार्मर की क्षमताओं में वृद्धि की है, लेकिन इसके बाजवूद बंद की समस्या जस की तस बनी हुई है। अधिकारियों की माने तो वैश्विक परेशान जैस तेज, गैस की समस्या भी लोड बढ़ने का कारण बन रही है। दरअसल ईवी गाड़ियों के चार्जिंग, इंडेक्शन का उपयोग और मनमाने तरीके से चलाए जा रहे एसी के कारण लोड बढ़ चुका है। जिससे बिजली केबल और ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे है। अधिकारियों का कहना है कि स्टाफ की कमी है लेकिन एक साथ कई फाल्ट आने के कारण बिजली सुधार में समय लग रहा है।

# क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरिए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस ने कार में वाट्सएप लिंक के माध्यम से क्रिकेट सट्टा खिलाते दो सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली सिंधी कालोनी में दो युवक कार में बैठकर मोबाइल के माध्यम से आईपीएल मैच में क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कार क्रमांक सीजी 08 एबी, 1791 में सवार कोहिनूर जासवानी पिता शत्रुहन जासवानी सिंधी कालोनी, गौरव पोपटानी उर्फ बोली पिता स्व. महेश कुमार पोपटानी करबला निवासी को पकड़ लिया। मोबाइल की जांच करने पर खुलासा हुआ दोनों युवक वाट्सएप लिंक रीयल बुक नाम के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे थे। वहीं उसके दो साथी रामकुमार दुसेजा, निशा टीकाराम की तलाश की जा रही है। पुलिस ने चारों सटोरियों के खिलाफ छग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धरा 7, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## उच्चाधिकारी बोले डीएससी हटाना गलत, की जाएगी कार्रवाई

# जमीन से हटाया जा रहा डीएससी, रजिस्ट्री के लिए भटक रहे पक्षकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भू-स्वामियों की जमीन से अचानक डीएससी हटाए जाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। जमीन से डीएससी हटा देने के बाद पक्षकार अपनी ही जमीन की रजिस्ट्री के लिए परेशान हो रहे हैं। बीते दिनों इसी तरह के एक मामले में परेशान तीन महिलाओं सहित पांच लोग कलेक्टर के चेंबर में शिकायत करने पहुंचे थे। कलेक्टर द्वारा एसडीएम को कॉल कर समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए थे।

पटवारियों द्वारा जमीनों को डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट मोड से अचानक हटा देने की लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। पीड़ित पक्ष पटवारी, आरआई और तहसीलदारों के चक्कर लगाकर व शिकायत कर हलाकान हो रहे हैं। बीते दिनों पांच लोग इसी संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल से शिकायत करने पहुंचे थे। पीड़ित लोगों ने बताया कि वे सुबह से रजिस्ट्री ऑफिस में अपनी जमीन की रजिस्ट्री के लिए पहुंचे हैं, लेकिन जमीन से डीएससी हटा दिए जाने के कारण उनकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा एसडीएम को कॉल करके समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए थे। जमीन से डीएससी हटाने शिकायत काफी समय से लोगों के द्वारा की जा रही है। जमीन का डीएससी मोड में होना केवल रजिस्ट्री के लिए ही नहीं, बल्कि जमीन के सीमांकन के लिए चालान पटाए जाने के दौरान भी जरूरी होता है।

### अवैध प्लॉटिंग बड़ी वजह

शासन द्वारा अवैध प्लॉटिंग पर भले ही रोक लगा दी गई है, लेकिन भू-माफिया अब भी इस काम में संलिप्त हैं। किसानों की जमीन को सस्ती दरों पर लेकर वे अब भी कच्चा प्लॉट बेचने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी जमीनों पर प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रभाव से डीएससी हटाया जा रहा है, ताकि ऐसी जमीनों की खरीदी-बिक्री ही ना हो सके।

### की जा सकती है शिकायत

अवैध प्लॉटिंग, सरकारी जमीन व किसी के द्वारा आपत्ति करने के अलावा अन्य किसी भी मामले में जमीन से डीएससी नहीं हटाया जा सकता। इस संबंध में सारे पटवारियों को निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इसके बाद भी अगर ऐसा कोई प्रकरण सामने आता है तो पीड़ित शिकायत कर सकते हैं तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

-**मनीष कुमार साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### केवल इन मामलों में हटाया जा रहा डीएससी

राजस्व विभाग के अनुसार जमीन से डीएससी हटाना गलत है। अगर किसी पटवारी के द्वारा ऐसा किया जाता है कि उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विभाग का यह भी कहना है कि ऐसी जमीन जो पूर्व में शासकीय थी, लेकिन अब किसी के नाम पर दर्ज हो चुकी है, तो ऐसे प्रकरणों में डीएससी हटाया जाना जायज है, ताकि संबंधित उक्त जमीन की किसी और को बिक्री न कर सके। इसी तरह अगर किसी जमीन की रजिस्ट्री होनी है, लेकिन किसी के द्वारा आपत्ति कर दी गई, तो ऐसे मामलों में भी डीएससी हटाया जा सकता है, लेकिन केवल एक से दो दिनों के लिए।

# मंगला एसटीपी की टेस्टिंग के लिए ढहाई गई बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला एसटीपी की सफल टेस्टिंग के लिए नगर निगम के द्वारा गुरूवार को एसटीपी की बाऊंड्रीवॉल ढहा दी गई। इसके कारण नाले का पानी पूरे वेग से चारों ओर फैल गया। एसटीपी के ठीक बाजू में सिंचाई विभाग द्वारा भी डीएमएफ मद से सड़क बनाई जा रही है, अचानक पानी आने से उनका काम भी प्रभावित हो गया था।

- फैला नाले का पानी

नदी में प्रवाहित करने से पहले नाले के पानी को उपचारित करने के उद्देश्य से मंगला में नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट की सफल टेस्टिंग के लिए गुरूवार को एसटीपी की बाऊंड्रीवॉल ढहा दी गई। भीषण गर्मी होने व बहाव नहीं होने के कारण नाले में फिलहाल पानी कम है, लेकिन एसटीपी की क्षमता अधिक है। ऐसी स्थिति में नाले के पानी को पूरे प्रवाह के साथ लाने के लिए बनाई गई बाऊंड्रीवॉल तोड़ी गई है। ज्ञात हो कि आठ करोड़ की लागत से बनाए जा रहे एसटीपी को दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन काम समय पर पूरा नहीं हो सका। इसके लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी भी लगाई गई है।

### रनिंग वर्क है

मंगला एसटीपी में एसटीपी तक नाले का पानी आसानी से ले जाने के लिए बाऊंड्रीवॉल तोड़ी गई है। यह रनिंग वर्क है। कंस्ट्रक्शन जारी है।

-**प्रकाश कुमार सर्वे**, कमिश्नर नगर निगम

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने कन्नौजे समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दी सहमति



**बिलासपुर।** कनौजे (रजक) समाज बिलासपुर के संभागीय प्रतिनिधि मंडल ने आज बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को 'कनौजे (रजक) समाज संभागीय नव निर्वाचित पदाधिकारी शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम' में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने 12 जून को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में आने की अपनी सहमति प्रदान की। प्रतिनिधि मंडल में डी आर कर्ष, विश्राम निर्मलकर, संभागीय अध्यक्ष लक्ष्मीकांत निर्णेजक, महासचिव सखाराम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष हरिशंकर उजागर डाक्टर उग्रसेन कनौजे, डॉक्टर सुरेश निर्मलकर, चूड़ामणि निर्मलकर, महेश कर्ष, ज्ञान सिंह निर्मलकर, रामेश्वर निर्मलकर, डॉ प्रदीप निर्णेजक, नारद रजक, ईश्वरी कर्ष नयन भारती, पितरेश उजागर, टीकाराम निर्णेजक, दुजराम रजक, विमल रजक, वेद परसदा, रामानुज निर्णेजक, दिलीप निर्णेजक, मोहन निर्णेजक बलराम रजक जितेंद्र निर्णेजक, अरुण निर्णेजक, मुकेश निर्मलकर, अमरनाथ निर्मलकर, फेकू राम निर्मलकर, प्रमोद निर्मलकर , लव निर्णेजक, श्रवण निर्मलकर, संतोष निर्मलकर आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राहुल गांधी का बयान लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ : अमर

**बिलासपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के प्रति दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे अत्यंत शर्मनाक, दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार इस प्रकार की बयानबाजी उनकी नकारात्मक एवं द्वेषपूर्ण राजनीति को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश गर्व महसूस करता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के 32 से अधिक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुए हैं। यह भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, मजबूत नेतृत्व और विश्व मंच पर देश की सशक्त उपस्थिति का प्रतीक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का सम्मान प्रत्येक भारतीय का सम्मान है। उनके नेतृत्व में भारत एक मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। इसके बावजूद कांग्रेस द्वारा लगातार अपशब्दों का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की इस नकारात्मक राजनीति को पहले भी नकार चुकी है और आगे भी इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

### रमन विश्वविद्यालय ने वर्षा दुबे को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा ने वर्षा दुबे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। वर्षा ने अर्थशास्त्र



विषय में अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। उनके शोध का विषय 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना का ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव-रायपुर जिले के विशेष सन्दर्भ में ' एक विश्लेषणात्मक अध्ययन से संबंधित है, जो वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। शोधकार्य का निर्देशन शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री डॉ. राकेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। शोध के दौरान महिला सशक्तिकरण, सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक सहभागिता तथा ग्रामीण-शहरी जीवन स्तर जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का अध्ययन किया गया।

## पालिटिक्स प्लस



**बिलासपुर।** रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने मनाया मोंटी मिश्रा का जन्मदिन। इस दौरान केक काटकर उनका मुंह मीठा कराया गया।

### साहू अभा कांग्रेस कमेटी ओबीसी ग्रामीण के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**बिलासपुर।** युवा कांग्रेस बिल्हा विधानसभा अध्यक्ष एवं



युवा नेता सुनील साहू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर ग्रामीण (ओबीसी विभाग) का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में भारी उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति को संगठन में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। उनकी पत्नी नगर पालिका बोदरी से कांग्रेस प्रत्याशी भी रह चुकी हैं । उन्होंने अपनी नियुक्त के लिए वरिष्ठजन का आभार जताया है।

**घुरू में नगर निगम की टीम कर रही जमीन की नापजोख** — कालेज भवन निर्माण के लिए दी जा रही 5 एकड़ भूमि

# आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज को जमीन आबंटित करने नापजोख शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज का नया भवन घुरू में बनने वाला है। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज भवन निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता है। नगर निगम द्वारा कालेज भवन बनाने घुरू में 5 एकड़ जमीन आबंटित की जा रही है। गुरुवार को निगम की टीम द्वारा कालेज को दिए जाने वाली जमीन की नापजोख की गई।



नगर निगम की घुरू में खाली जमीन पड़ी है। इसी जमीन में से 5 एकड़ जमीन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज भवन निर्माण के लिए देने का निर्णय हुआ है, इसलिए आज नगर निगम के भवन शाखा की टीम घुरू पहुंची और उक्त जमीन की नापजोख की। नापजोख के बाद ही 5 एकड़ जमीन चिहांकित कर कालेज को आबंटित कर दी जाएगी। स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज के भवन निर्माण के लिए पूर्व में कोनी और चिचिरदा में जमीन देखी गई थी। चिचिरदा काफी दूर हो जाता इसलिए वह जमीन पसंद नहीं आई। इसके बाद कालेज की ओर से नगर निगम को जमीन की मांग करते हुए पत्र लिखा गया था। इंग्लिश मीडियम कालेज में शासन के नियमानुसार कम शुल्क में निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जाता है। इस कालेज में नए भवन एवं छात्र-छात्राओं के 100 सीटर हास्टल व सुविधायुक्त खेल मैदान भी विकसित किया जाना है। इसलिए बीच में कलेक्टर संजय अग्रवाल व निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे सहित कालेज के प्राचार्य एवं पीडब्लूडी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने घुरू स्थित खसरा नंबर 495/2 भूमि का मौका निरीक्षण किया था। इसी खसरा नंबर की 5 एकड़ जमीन इंग्लिश मीडियम कालेज और हास्टल निर्माण के लिए दिए जाने चिहांकित की गई है। यह जमीन वर्तमान में राजस्व रिकार्ड में नगर निगम के स्वामित्व में है इसलिए आबंटन के लिए मामला पिछले सप्ताह मेयर इन कौंसिल की बैठक में रखा गया था, जिसमें अनापत्ति पत्र कलेक्टर को भेजने सहमति दे दी गई है।

### इन शर्तों के तहत जमीन आबंटन

घुरू स्थित नगर निगम के नाम पर दर्ज भूमि में से 5 एकड़ भूमि के बदले समतुल्य की भूमि कोनी में भूमि नगर निगम को आबंटन किया जाएगा। भूमि का आबंटन शासन के गाइड लाइन एवं नियमानुसार किया जाएगा। कालेज भवन, हास्टल एवं खेल मैदान निर्माण के लिए अनुज्ञा, विकास अनुमति विधिवत नगर पालिक निगम एवं संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश से लेना अनिवार्य होगा। भविष्य में यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार विकास कार्य कराना होगा।

### भवन के लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति

शासन द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 7 स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम कालेज खोले गए थे, जिसमें जिले में एकमात्र कालेज बिलासपुर में खोला गया है। इंग्लिश मीडियम कालेज वर्ष 2023 से पुराना हाईकोर्ट भवन में संचालित हो रहा है जहां पर अटल यूनिवर्सिटी लगता था क्योंकि कालेज का अभी तक खुद का भवन नहीं है। शासन ने इंग्लिश मीडियम कालेज के नए भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए हैं जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति भी मिल गई है और पीडब्लूडी द्वारा भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

**व्यापारियों के अलावा अन्य लोगों को मिलेगा फायदा**

# बिलासपुर का गुड्स शेड बंद उसलापुर में शुरु होगा 28 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में सेकेंड एंट्री का काम पूरा करने के लिए योजना बनाई गई है, लेकिन इससे पहले एक नया गुडशेड बनाने का कार्य पूरा कर दिया गया है, जिसमें उसलापुर के आसपास रहने वाले व्यापारियों के अलावा अन्य लोगों को फायदा मिलेगा।

रेलवे प्रशासन ने छोटे स्टेशनों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छोटे स्टेशनों की अपग्रेडेशन और नवीनीकरण किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने पहले ही बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दे दिया है। आदर्श रेलवे स्टेशन को भी विकास की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। वर्तमान में बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के दबाव को कम करने के लिए दुर्ग से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होकर जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर जाने वाली एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या 7 हजार से कम और उसलापुर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है।

बिलासपुर डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत उसलापुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, शहडोल, अंबिकापुर, अनूपपुर सहित करीब 49 छोटे-बड़े स्टेशनों को शामिल करते हुए काम की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत बिलासपुर स्टेशन के सब स्टेशन के रूप में विकसित होने वाले उसलापुर स्टेशन के सामने प्लाई लगाने के अलावा नई पार्किंग व अन्य कार्य किए जा रहे हैं, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। पुनर्विकास के कार्य में रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री के साथ रेल प्रशासन अब बिलासपुर स्टेशन के पास बंद कर गुड्स शेड का कार्य 28 मई से शुरु किया जा रहा है, जहां यात्रियों के साथ शहर व आसपास के व्यापारियों को सामानों की बुकिंग के लिए बिलासपुर स्टेशन तक आने की आवश्यकता नहीं होगी।



### अजीविका होगी प्रभावित

रेलवे कामगार यूनियन के संरक्षक अभयनारायण राय का कहना है कि व्यापार विहार में गुड शेड 1971 से संचालित किया जा रहा है। इसमें 200 से अधिक हमाल, मजदूर, 50 से अधिक ट्रक मालिक, 300 से अधिक ड्राइवर हेल्पर सहित करीब 500 परिवार की रोजी रोटी निर्भर है। यूनियन की ओर से जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक, जोन के महाप्रबंधक, डीआरएम व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मिलकर मांग की है कि रेल गोदाम रैक पाइंट नया माल धक्का स्थानांतरित होकर उसलापुर लोखंडी फाटक के पास जा रहा है। वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पहले की तरह करने निर्देशित करें। इसके अलावा शासन के नियमानुसार रजिस्टर्ड यूनियन के कार्य को प्राथमिकता देने, कार्य स्थल पर श्रमिकों ट्रांसपोर्टरों एवं व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। यूनियन के अध्यक्ष शत्रुहन रात्रे का कहना है कि व्यापार विहार रैक पाइंट होने से खाद्य सामग्री जिसमें विशेष रूप से खाद्य तेल, नमक आदि के रैक का 70 फीसदी हिस्सा व्यापार विहार के व्यापारियों के पास आता है, जो केवल 2 किलोमीटर की दूरी पर है। नई व्यवस्था के तहत उसलापुर रैक पाइंट से व्यापार विहार 11 से 15 किलोमीटर की दूरी हो जाएगी, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ जाएगा।

### स्थायी रूप से बंद

रेलवे के अनुसार बिलासपुर में खुले गुड्स शेड को 28 मई से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। उसलापुर स्टेशन में गुड्स शेड एक पब्लिक गुड्स शेड के रूप में कार्य करेगा, जिसका अल्फा कोड और यूजीएसयू और न्येमेरिकल कोड 14122915 है। इसके माध्यम से व्यापारी, संस्थान व आम नागरिक अपना माल भेजने के साथ मंगा भी सकेंगे। यहां मुख्य रूप से खाद्य सामग्री उर्वरक संबंधी माल की बुकिंग एवं हैडलिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### रेलवे की सेवा का लें लाभ

बिलासपुर जोनल स्टेशन में ट्रेनों का दबाव काफी अधिक है। उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलप भी किया जा रहा है, जहां यात्रियों के साथ यात्री गाड़ी की संख्या भी बढ़ रही है। परिवहनकर्ताओं एवं आम उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि 28 मई के बाद बिलासपुर गुड्स शेड के स्थान पर उसलापुर गुड्स शेड का उपयोग करें और रेलवे की माल परिवहन सेवाओं का लाभ उठाएं।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## स्टेशन आने-जाने वाली ट्रेनों के चेक किए गए अग्निशमन यंत्र

**बिलासपुर।** रेलवे में आग की घटना को रोकने के लिए स्टेशन प्लेटफार्म और आने-जाने वाली ट्रेनों के अग्निशमन यंत्र की विशेष रूप से जांच की गई। इस दौरान कई ट्रेनों में रखे अग्निशमन यंत्र के एक्सपयारी डेट पार हो चुके थे, वहीं कई ट्रेनों में आग की घटना रोकने वाली मशीन नहीं थी। इन सभी को जांच के दौरान फटकार लगाई गई।

बिलासपुर रेल मंडल में संरक्षा विभाग की ओर से ट्रेनों और स्टेशन क्षेत्र में आग की घटना को रोकने, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व रेल संपत्ति की संरक्षा के उद्देश्य से विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। मंडल से गुजरने वाली सभी मेल, एक्सप्रेस, सुपरफास्ट एवं यात्री ट्रेनों सहित स्टेशन से शुरु होने वाली ट्रेनों में संरक्षा विभाग की ओर से कोच, पावरकार, पेंट्रीकार एवं अन्य संवेदनशील स्थानों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच विशेष टीम कर रही है। अभियान के तहत एसी कोच में फायर एक्सटिंग्विशर की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच, फायर डिटेक्शन एवं स्प्रेशन सिस्टम की जांच, पावर कारों में विद्युत सुरक्षा संबंधी निरीक्षण, वायरिंग चेक, अर्थ लीकेज चेक, एमसीबी एवं विद्युत पैनलों की जांच, थर्मल स्कैनिंग, बैटरी एवं जंक्शन बॉक्स की जांच जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए। पेंट्रीकार एवं पावरकार में फायर डिटेक्शन एवं फायर सप्रेशन सिस्टम की उपलब्धता एवं कार्यशीलता सुनिश्चित की गई। ट्रेनों में अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, फायर बॉल एवं एयरोसोल आधारित अग्निशमन प्रणाली, अग्निशमन यंत्रों की वैधता की विशेष जांच के उपरांत संरक्षा विभाग ने ऑनबोर्ड स्टाफ, कोच अटेंडेंट, टीटीई, पेंट्रीकार स्टाफ एवं अन्य संबंधित कर्मचारियों को फायर फाइटिंग, आपातकालीन प्रतिक्रिया, यात्रियों की सुरक्षित निकासी एवं प्रारंभिक अग्निशमन संबंधी विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। यह अभियान बिलासपुर के अलावा उसलापुर, रायगढ़, अनूपपुर, पेण्ड्रारोड, ब्रजराजनगर, शहडोल, कोरबा एवं बिजुरी स्टेशन पर भी व्यापक स्तर पर चलाया गया।

■ पेंट्रीकार मैनेजरों को लगाई गई फटकार

## सेक्रेटरी के दौरे को लेकर नगर निगम में मची आपाधापी

**बिलासपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव संगीता आर शुक्रवार को बिलासपुर दौरे पर पहुंच रही हैं। उनके दौरे को लेकर गुरुवार को नगर निगम में आपाधापी मची रही और पूरे दिन तैयारी बैठकों का सिलसिला चलता रहा।

नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव संगीता आर शुक्रवार को बिलासपुर पहुंचेंगी और यहां इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के हाल में नगर निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा करेंगी। नगरीय प्रशासन सचिव नगर निगम और स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट्स देखने फील्ड में भी जाएंगी। खबर है कि वे कछार प्लांट, कन्वेंशन सेंटर, एलएसआरएम सेंटर, निर्माणाधीन एजुकेशन हब के कार्यों का निरीक्षण करने जाएगी तथा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से मिलकर चर्चा भी कर सकती है। इसी तरह अन्य विकास निर्माण कार्यों का भी जायजा लेंगी। इसके बाद जिले के अन्य नगरीय निकायों के अधिकारियों की अलग से बैठक लेंगी।

नगरीय प्रशासन सचिव संगीता आर पिछले दिनों रायपुर में विभागीय समीक्षा बैठक ली थी, जिसमें उनके तेवर को देखकर निगम के अधिकारी भी सहमे हुए हैं, क्योंकि रायपुर की बैठक में वे कई अधिकारियों पर काफी नाराज हुई थीं, इसलिए विभागीय सचिव के निरीक्षण दौरा, बैठक को लेकर आज नगर निगम में पूरे दिन तैयारी चलती रही और निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे द्वारा जोन कमिश्नरों, अधिकारियों एवं इंजीनियरों की एक के बाद एक बैठक ली जाती रही।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## कार्यक्रम

## बच्चों को भगवद् गीता के श्लोक का कराया गया अभ्यास



**बिलासपुर।** पीएमश्री उत्कृष्ट सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा में पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के तृतीय दिवस बच्चों को भगवद् गीता व दैनंदिनी श्लोक, देशभक्ति गीत का अभ्यास कराया। स्मरण शक्ति प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। गीता परिवार के मध्यांचल प्रमुख प्रमिला माहेश्वरी दीदी के सानिध्य में गीता परिवार बिलासपुर द्वारा यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। बच्चों को लाठी, काठी एवं गोपुरम की जानकारी देते हुए उन्हें संगीत के साथ अभ्यास करवाया गया। अनुशासन और स्व-सुरक्षा का महत्व बताया गया। श्री कृष्ण की बाल गोपाल की छवि के माध्यम से बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता कराई गई। भोजन प्रसादी के बाद बच्चों को कथा सुनाई गई। प्रात्यक्षिक प्रबोधन एवं बाल फिल्म दिखाई गई। आज के पाश्चात्य संस्कृति में ढलते बच्चों के लिए आवश्यक एवं अनिवार्य जानकारी गीता परिवार के माध्यम से दी गई। सचिव कृति अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के वर्तमान युग में यह शिविर अत्यंत आवश्यक था। जिसे गीता परिवार द्वारा निःशुल्क कराया जा रहा है।

- सरकंडा स्कूल में चल रहा बाल संस्कार शिविर

## आयोजन

## भाई-बहनों को सिखाई गई श्रेष्ठ जीवन जीने की कला



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ के प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में आयोजित सद्गुरुवार विशेष आध्यात्मिक क्लास में ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने ईश्वरीय महावाक्यों के माध्यम से भाई-बहनों को श्रेष्ठ जीवन जीने की कला सिखाई। श्रीमत पर चलते हुए सबको सुख देना और सबसे सुख लेना ही वर्तमान समय का श्रेष्ठ पुरुषार्थ है।

मंजू दीदी ने कहा कि किसी भी कार्य में सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि व्यक्ति केवल उसमें "सम्मिलित" या पूर्ण रूप से "समर्पित" है। उन्होंने भाई-बहनों को स्मृति दिलाई कि "मैं आत्मा केवल निमित्त हूं, वास्तविक करावनहार परमात्मा हैं।" इस भावना से कार्य करने पर देह-अभिमान और अहंकार स्वतः समाप्त हो जाता है तथा सेवा में आनंद का अनुभव होता है। उन्होंने 'कैलाश मानसरोवर' केंद्र की यात्रा का अनुभव साझा करते हुए कहा कि वहां सेवा कर रहे भाई-बहनों की सरलता और योगयुक्त स्थिति सभी को आकर्षित किया।

- प्रभु दर्शन भवन में लगा सद्गुरुवार आध्यात्मिक क्लास

## जागरूकता

## विश्व पर्यावरण अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत 5 जून तक व्यापक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान केवल एक दिवस तक सीमित न होकर विस्तारित अवधि में चरणबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जागरूकता, संवाद एवं व्यवहार परिवर्तन पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में रेल प्रबंधक परिसर से बिलासपुर स्टेशन परिसर तक "जलवायु परिवर्तन" विषय पर प्रभात फेरी एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवक तथा सिविल डिफेंस के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक जे. एस. मीना, के. श्रीनिवास, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता दीपक ठाकुर,मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, मंडल पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधक एस साईं रमेश सहित विभिन्न विभागों के लगभग 240 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आकाशवाणी के 90 वर्षों का ऐतिहासिक उत्सव, निकला भव्य वॉकथॉन

*बिलासपुर। आकाशवाणी के 90 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में बुधवार सुबह एक ऐतिहासिक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे आयोजित इस वॉकथॉन में आकाशवाणी परिवार के कर्मचारियों, उद्घोषकों, कलाकारों, श्रोताओं, पत्रकारों, बच्चों और शहरवासियों सहित 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।*

*कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसपी रजनेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बदलते दौर में भी रेडियो की उपयोगिता और उसकी पहुंच आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रेडियो समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। एसएसपी रजनेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियो जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ा माध्यम है और यह लगातार लोगों को जागरूक एवं एकजुट करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की रूपरेखा और वॉकथॉन के उद्देश्य की जानकारी आकाशवाणी की कार्यक्रम प्रमुख डॉ सुप्रिया भारतीय ने दी। यह वॉकथॉन न केवल आकाशवाणी परिवार बल्कि शहरवासियों के लिए भी आकर्षण और उत्साह का केंद्र बना रहा। पहली बार आकाशवाणी परिवार केंद्र से बाहर निकलकर आम लोगों के बीच इस तरह का आयोजन कर रहा था। वॉकथॉन आकाशवाणी परिसर से प्रारंभ होकर नूतन चौक, सीपत चौक और युक्तिधाम सिग्नल चौक से होते हुए लगभग साढ़े तीन किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः आकाशवाणी केंद्र पहुंचा। स्किनकेयर क्लीनिक के सौजन्य से सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने में डॉ सुप्रिया भारतीयन के साथ मोनाली ठाकरे, नेमीचंद साहू, सौरभ केशरवानी और लीना तिवारी का विशेष योगदान रहा। तकनीकी सहयोग पवन थवाईत एवं गौरीशंकर कौशिक ने दिया। सोशल मीडिया टीम में मातका साहू, मनीष सलाम, श्रुति साहू और रूपेश कंवर सक्रिय रहे। वहीं कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्थाओं में सुनील चिपड़े, अंतरा, लीटा, गीता, महावीर, अदिति, उषा, जानकी परवार, ईश्वरी और प्रभा तिवारी सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*




# सेक्सोफोन से भजनों की दी प्रस्तुति, योगासान भी किया







**बिलासपुर।** नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट परिसर में सभागार का पुनर्निर्माण के उपरान्त नए कलेवर एवं साजसज्जा के साथ रेल कर्मचारियो एवं उनके परिवार को समर्पित किया गया। उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य कार्मिक आदित्य कुमार उपस्थित हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में अपर मंडल रेल प्रबंधक के श्रीनिवास, उप महाप्रबंधक समीरकांत माथुर,वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ अंशुमन मिश्रा भी उपस्थित थे। विधिवत उदघाटन के उपरान्त एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकार आफ़रीन परवीन के द्वारा राम भजन कैसियो के माध्यम प्रस्तुत किया गया इसके उपरान्त आवंतिका राव के द्वारा सेक्सोफोन के द्वारा सत्यम शिवम सुन्दरम का भजन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अर्पिता दत्ता के द्वारा मंच पर एडवांस योगा का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरान्त उभरती हुई नृत्यांगना दानिया एवं साथी के द्वारा क्रमशः शिव स्तुति एवं स्लोकांजलि का प्रदर्शन भरतनाट्यम-नृत्य के माध्यम से किया गया। मार्शल आर्ट्स के कैडेटों के द्वारा सेल्फ डिफेन्स एवं अन्य सुरक्षा विधियों का प्रदर्शन किया गया।

# बच्चों ने सीखी अभिव्यक्ति, अभिनय और रंग-संवेदना की बारीकियाँ

*अग्रज नाट्य दल द्वारा आयोजित 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, अभिव्यक्ति, संगीत और रंगमंच की विभिन्न विधाओं का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान बच्चों और युवा प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और रचनात्मक सोच विकसित करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।*

**बिलासपुर।** कार्यशाला में रंगकर्मी मोहम्मद रफीक द्वारा प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े गीत सिखाए गए। गीतों के माध्यम से बच्चों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने का प्रयास किया गया। वहीं निर्देशक गरिमा भांगे ने बच्चों से कहानी पाठ करवाया, जिससे प्रतिभागियों को स्वयं को बेहतर तरीके से अभिव्यक्त करना सीखने का अवसर मिला। इसके साथ ही बच्चों को एक ही विषय देकर अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया और उनसे प्रस्तुति तैयार करवाई गई।

इस गतिविधि ने प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति, टीमवर्क और मंचीय प्रस्तुति क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम की कार्यशाला में निर्देशक सुनील चिपड़े द्वारा स्टोरी इम्प्रोवाइजेशन, म्यूजिक के साथ थिएट्रिकल एक्सरसाइज तथा विभिन्न मूवमेंट एक्टिविटीज करवाई गईं। इन अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को शरीर,आवाज और भावों के बेहतर उपयोग की तकनीकों से परिचित कराया गया। कार्यशाला में ऐसी कहानियों का पाठ भी करवाया जा रहा है, जो आगे चलकर नाटक महोत्सव में मंचित किए जाने वाले नाटकों का हिस्सा बन सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही इन रचनात्मक गतिविधियों और अभ्यासों से प्रतिभागियों के अभिनय कौशल, मंचीय आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति में निरंतर वृद्धि हो रही है। कार्यशाला का समन्वयन लगातार स्वप्निल तावड़कर एवं विक्रम सिंह ठाकुर द्वारा किया जा रहा।








# कलाकार ने टायर, खाली डिब्बे से बनाया सजावटी सामान

*स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के मद्देनजर नगर निगम के वेल्डर कलाकार प्रदीप विश्वकर्मा ने पुराने बेकार पड़े टायर, खाली डिब्बे और जेरिकेन से आकर्षक शोपीस और सजावटी सामान बना कर अपनी कला प्रतिभा दिखाई है।*

**बिलासपुर।** इस वेल्डर कलाकार ने पुराने टायरों से मिकी माउस, कमल फूल, फ्लावर पॉट, कुंआ, गमले, कप, घड़ी सहित कई अन्य सजावटी कलाकृति तैयार की है। खाली डिब्बों से सूरजमुखी का फूल बनाया है। 5 लीटर के जेरिकेन से सिद्धि विनायक भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार कर पर्यावरण संरक्षण और "वेस्ट टू बेस्ट" का संदेश देने का प्रयास किया है। उनकी सोच, हुनर और रचनात्मकता ने अनुपयोगी कबाड़ को शहर की सुंदरता बढ़ाने वाला बना दिया है। स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए शहर में रंग-रोगन, सफाई और सजावट के साथ ही कचरे को कला का रूप देने पुराने टायरों से आकर्षक घड़ी भी तैयार की जा रही है, जो लोगों का ध्यान सहज ही खींच रहा है।

**हुनर हो तो कबाड़ भी शहर को दे सकता है पहचान**

### रखवाया जा रहा जोन कार्यालयों में



जून में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए इन कलाकृतियों को शहर के सभी 8 जोन कार्यालयों, गार्डनों और चौक-चौराहों पर रखवाया जा रहा ताकि लोगों को यह संदेश दिया जा सके कि कचरा सिर्फ फेंकने की चीज नहीं बल्कि हुनर हो तो वही कबाड़ शहर की पहचान बन सकता है। ज्ञात हो कि नगर निगम वर्कशॉप में कार्यरत प्रदीप विश्वकर्मा हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अपनी परिकल्पना और अधिकारियों के मार्गदर्शन में कबाड़ को कुछ नया आकार देकर "वेस्ट टू बेस्ट" का संदेश देता है। उनका मानना है कि जिन टायरों और कबाड़ को लोग बेकार समझकर फेंक देते हैं, वही रचनात्मकता से शहर की खूबसूरती बढ़ाने का माध्यम बन सकता है।



### वार्डों का तैयार किया था नक्शा

*उक्त कलाकार ने इससे पहले भी कोल्ड ड्रिंक की प्लास्टिक बोतलों और केन से छत्तीसगढ़, भारत और बिलासपुर के 70 वार्डों का नक्शा तैयार किया था। इसमें शहर के बीचो बीच बहने वाली अंतःसलिला मां अरपा मैया का भी बेहद आकर्षक चित्रण किया गया था। जिसे भारी सराहना मिली थी।*

# शहर का हॉकी खिलाड़ी अवि करेगा एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व

**स्पोर्ट्स न्यूज**

**बिलासपुर।** शहर का हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अवि का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में एशिया कप के अंडर 18 जूनियर में किया गया है, जिसका आयोजन जापान में किया जाएगा। बिलासपुर की छोटी सी गली से निकलकर अवि मानिकपुरी का सफर वर्तमान में एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया है। उनका चयन अंडर 18 जूनियर्स एशिया कप के लिए भारतीय टीम में किया गया है, जो इस वर्ष जापान में आयोजित होगा। अवि ने बिलासपुर के गली मैदानों से शुरुआत की, जहां संसाधन का काफी अभाव था। इसके बावजूद उनके जुनून में कोई कमी नहीं आई। स्थानीय प्रतियोगिता से लेकर राज्य और जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशि तक हर मैच में उन्होंने अपनी गति, टेकलिंग और गेम विजन के जरिए चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आज वह जापान की विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले मैदान में भारतीय टीम का टीशर्ट पहनकर खेलेगा। वर्तमान में अवि मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जहां ओलंपियन समीर दाद उनका व्यक्तिगत मार्गदर्शन करते हैं। समीर दाद ने अवि की ड्रिब्लिंग, पोजिशनिंग और टीम प्लेइंग की खास तारीफ करते हुए कहा है कि अवि जैसे युवा भारतीय हॉकी के भविष्य के आधार स्तंभ हैं। अकादमी की उन्नत सुविधाएं और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया है। अंडर 18 जूनियर्स एशिया कप जापान में हो रहा है, जो केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि अवि के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों के साथ गेम सेंस और दम का असली परीक्षण है। यहां हासिल किया गया अनुभव भविष्य में सीनियर टीम और यहां तक कि ओलंपिक तक पहुंचने की नींव रख सकता है। अवि के चयन पर टिप्पणी करते हुए कोच का कहना है कि हमने ऐसी 18 सदस्यीय टीम चुनी है जो हमें बेहतरीन सामरिक संतुलन प्रदान करती है। भोपाल में हमारा प्रशिक्षण शिविर और आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेले गए एक्सपोजर मैच ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय दबाव और मैच की गति को समझने का शानदार अवसर दिया। पिछले कुछ सप्ताह में हमने सामरिक अनुशासन, पेनाल्टी कार्नर रणनीतियों और टीम संरचना पर विशेष रूप से काम किया है। खिलाड़ी पूरे उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में हमारा लक्ष्य स्पष्ट है। हम अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें, अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर देश के लिए ट्राफी जीतने की पूरी कोशिश करें।




### खिलाड़ियों में हर्ष



बुधवार को हॉकी इंडिया ने आगामी पुरुष अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय अंडर 18 हॉकी टीम की घोषणा की। इसमें अवि का भी चयन शानदार प्रदर्शन के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता जापान की मेजबानी में 29 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। अवि के चयन होने से छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव, हॉकी बिलासपुर के अध्यक्ष रोहित बाजपेयी, कोच राजेश हेनरी, हरिशंकर हेटा, मृणाल चौबे, अनुराग श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, डॉ. धनीराम यादव, रवि पारिख, सोनू सिंह, अवि के पिता जितेन्द्र मानिकपुरी, माता शशिकला मानिकपुरी सहित खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# बच्चों के सारथी बने पूर्व सभापति नजीरुद्दीन विजेता खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला



जिला पेंचाक सिलाट संघ एवं छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त तत्वावधान में त्रिवेणी भवन में तृतीय राज्य स्तरीय पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 14 जिलों से लगभग 270 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दो दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में कवर्धा विजेता एवं बिलासपुर उपविजेता रहा। जूनियर वर्ग में रायपुर ने विजेता तथा बस्तर ने उपविजेता का खिताब जीता। वहीं सब जूनियर वर्ग में बेमेतरा विजेता एवं कवर्धा उपविजेता रहा। प्रतियोगिता ने प्रदेश में पेंचाक सिलाट खेल के बढ़ते प्रभाव और युवाओं के उत्साह को नई पहचान दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में मनीष बाग, अमरनाथ सिंह, रविंद्र सिंह, हेमंत सिंह परिहार एवं शेख समीर मौजूद रहे। प्रतियोगिता के निर्णायकों में अभिषेक देवांगन, मनीष निषाद, ममता पांडे, शेख अरबाज अली, लिनेमा साहू, सबीहा शेख, प्राची यादव, आशीष जायसवाल, अल्बीनी राव और वैभव श्रीवास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के बाद जब बिलासपुर की विजेता टीम ने पूर्व सभापति शेख नजिरुद्दीन से मुलाकात की, तो माहौल भावुक और प्रेरणादायी बन गया।

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने अभिलाष



**मुंगेली।** प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व के अनुमोदन से जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा की अनुशंसा पर अभिलाष जायसवाल को जिलाध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस की जिम्मेदारी दी गई है। नियुक्ति पश्चात अभिलाष जायसवाल ने कहा कि आबादी अनुपात भागीदारी राहुल गांधी के सामाजिक न्याय विजन पर सभी पिछड़ी जातियों से सामंजस्य बना कर उत्थान के लिए कार्य करेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रही लोगों की भीड़



**बिल्हा।** बिल्हा एवं बिलासपुर के रेलवानी परिवार द्वारा झूलेलाल मंगलम में 17 से 23 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक का रखा गया है। रेलवानी परिवार द्वारा भागवत प्रेमियों के लिए वाहन एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है जिससे अधिक से अधिक लोगों को भागवत का पुण्य लाभ प्राप्त हो सके। कथा में व्यासपीठ से आचार्य डॉ. रामविलास चतुर्वेदी ने कृष्ण राधा के बालरूप का वर्णन एवं कृष्ण विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। लोगों ने नाचते झूमते हुए भागवत महोत्व का आनंद लिया। कथा में रामानंद सागर ग्रुप से स्वामी गोपाल दास महराज ने भी व्यासपीठ से सभी को अपना आशीर्वाद दिया।

### जवाहर नवोदय विद्यालय ने प्रकाशित की विद्यालय पत्रिका



**मल्हार।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा लंबे वर्षों बाद विद्यालय पत्रिका 'अभिव्यक्ति' का प्रकाशन किया गया। पत्रिका की एक प्रति विद्यालय के प्राचार्य पीसी झा ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कलेक्टर संजय अग्रवाल को भेंट की। प्राचार्य ने बताया कि पत्रिका का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतर्निहित सृजनशीलता को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान कर उनके आत्मविश्वास, लोकतांत्रिक भावना एवं आत्मगौरव को जागृत करना है। पत्रिका में विद्यार्थियों की बहुआयामी रचनाओं के साथ-साथ विद्वान शिक्षकों के लेख भी प्रकाशित किए गए हैं। अर्थशास्त्र के अध्यापक डॉ. विपुल शर्मा द्वारा "रुपयों का ऐतिहासिक विकास क्रम", भूगोल शिक्षक गोविंद पांडे द्वारा "बुंदेलखंड की जीवनरेखा केन नदी" तथा हिंदी शिक्षक सीपी. साहू द्वारा "भारतीय सभ्यता एवं स्वाभिमान" विषय पर सारगर्भित लेख प्रकाशित किए गए हैं। पत्रिका डिजिटल प्रारूप में विद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### जनमन सहित विभिन्न पत्रिकाओं का वितरण



**लालपुर।** प्रदेश में सुशासन को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोरमी विकासखण्ड के ग्राम लालपुरथाना स्थित शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन मासिक पत्रिका एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। इन पुस्तिकाओं के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनहितैषी योजनाओं, विकास कार्यों एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। ग्रामीणों ने जनमन पत्रिका एवं सूचना पुस्तिकाओं को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी सहज रूप से मिल रही है तथा वे योजनाओं का लाभ लेने के प्रति अधिक जागरूक हो सकेंगे। उन्होंने शासन एवं जनसंपर्क विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दो वर्षीय बच्ची को मिली नई जिंदगी



**मुंगेली।** जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षीय बच्ची के जन्मजात दोनों हाथों की विकृति (इंग्वाइनल हर्निया) का सफल ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी है। इस सफल उपचार से बच्ची और उसके परिजनों में खुशी का माहौल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम शीतलकुंडा निवासी सुनील जोशी की दो वर्षीय पुत्री भव्य जोशी जन्म से ही दोनों तरफ इंग्वाइनल हर्निया की समस्या से पीड़ित थी। इस कारण बच्ची को पिछले एक वर्ष से लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिला चिकित्सालय मुंगेली में 13 मई 2026 को शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. आनंद सिंह मांझी एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार बेलदार सहित उनकी टीम द्वारा बच्ची का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद बच्ची पूरी तरह स्वस्थ बताई जा रही है।

## मैदान समतलीकरण कार्य में अनियमितता

# स्वीमिंग पूल की तरह दिख रहा करोड़ों में बन रहा प्ले ग्राउंड



**मानकों की अनदेखी:** मैदान में दर्शकों के बैठने के लिए जिस दीर्घा का निर्माण किया जा रहा है उसके बेस में काली मिट्टी डाली जा रही है जबकि बेस में गिट्टी, रेत, मुरूम आदि डाली जाती है मिट्टी डालने से दीर्घा कमजोर बनेगा और उसके धंसने की आशंका बढ़ जाती है।

**सकरी।** करोड़ों की लागत से सकरी में कोटा मोड़ के पास सिंचाई कालोनी में स्थित मैदान समतलीकरण का कार्य किया जा रहा है लेकिन विभाग एवं अधिकारियों की मानिटरिंग के अभाव में समतलीकरण का कार्य मानक अनुरूप नहीं किया जा रहा है, लिहाजा निर्माण कार्य के दौरान ही हल्की बारिश में भी मैदान में पानी भरने लगा है। दर्शक दीर्घा के निर्माण में भी गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

- मैदान में मिट्टी कम पाटने से होगा जलभराव

सिंचाई विभाग के सी कालोनी स्थित आवासीय परिसर में खेल मैदान समतलीकरण, बाउंड्रीवाल निर्माण, दर्शक दीर्घा बैठक व्यवस्था, सामुदायिक भवन उन्नयन, 50 भवनों के छत पर एसी सीट लगाने एवं 10 वर्कर क्वार्टर के उन्नयन के लिए शासन द्वारा 2 करोड़ 44 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी जिसका कार्य विगत वर्ष के जून माह में शुरू हुआ था। सकरी सहित आसपास क्षेत्र में एक अच्छे और बड़े मैदान के रूप में सकरी सिंचाई कालोनी का मैदान ख्यातिलब्ध है लेकिन बारिश के मौसम में यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी और घुटनों तक पानी भर जाता था जिससे मैदान का उपयोग बंद हो जाता था। इसी समस्या से निजात पाने जनप्रतिनिधियों के विशेष प्रयास से इसके समतलीकरण और बाउंड्रीवाल सहित दर्शक दीर्घा बनाने राशि स्वीकृत कर कार्य शुरू कराया गया था। मैदान में मिट्टी की पटाई में कंजूसी की जा रही है जिसके कारण निर्माण के दौरान ही हल्की बारिश से मैदान में स्वीमिंग पूल जैसे नजारा देखने को मिल रहा है आने वाले दिनों में निश्चित ही जलभराव की समस्या फिर से विकट रूप लेगी और मैदान खिलाड़ियों के लिए काम का नहीं रहेगा चुकी मिट्टी की पटाई भी कम की जा रही है साथ ही जल निकासी के लिए वर्तमान में कोई उपयुक्त ड्रेनेज सिस्टम भी नहीं बनाया गया है जिससे मैदान का पानी बाहर जा सके लिहाजा जलभराव की समस्या से फिर खिलाड़ियों को परेशानी होगी।

### आधी अधूरी एवं गुणवत्ताहीन बाउंड्रीवाल

उक्त मैदान में पहले सिर्फ सड़क की ओर ही बाउंड्रीवाल थी नई स्वीकृति के बाद चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण होना है लेकिन वर्तमान में सिर्फ तीन ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया है सड़क किनारे के पुराने जीर्ण शीर्ण बाउंड्रीवाल को छोड़ दिया गया है। इस संबंध में स्थानीय अधिकारी का कहना है कि पुरानी बाउंड्रीवाल को नहीं तोड़ा जाएगा। इसके ऊपर जाली लगाया जाएगा जबकि मुख्य मार्ग में बाउंड्रीवाल मैदान के सुरक्षा के लिए आवश्यक है लेकिन मुख्यमार्ग की तरफ नई बाउंड्रीवाल नहीं बना रहे हैं जिससे मैदान की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

### दिए गए हैं निर्देश

तीन बाउंड्रीवाल बन चुकी है। पुरानी बाउंड्रीवाल को तोड़ा नहीं जाएगा इसके लिए उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है और इसे अपडेट किया जाएगा। रही बात जलभराव की तो मिट्टी सेट होने में समय लगता है। ठेकेदार को भरपूर पानी डालकर मिट्टी फिलिंग के निर्देश दिए गए है। अभी कार्य 60 प्रतिशत हो चुका है। जलभराव रोकने व्यापक इंतजाम किया जा रहा है।

-**एसके भारती**, एसडीओ, सिंचाई विभाग सकरी।

## बंद रहीं दवा दुकानें, भटकते रहे मरीजों के परिजन



**लोरमी।** नगर के मेडिकल स्टोर संचालकों ने दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मरीज और परिजन दिन भर भटकते नजर आए। मरीजों को डॉक्टर तो मिल गए लेकिन दवा नहीं मिल पाई। इस अवसर पर जिला औषधि विक्रेता संघ अध्यक्ष निरंजन लाल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, मनीष त्रिपाठी, मेडिकल टीम के नगर अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, कोषाध्यक्ष अवधेश राजपूत, अविश यादव, अभिषेक मौर्य, नगर पालिका उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, डालचंद कुलमित्र, रमेश राजपूत गोलू जायसवाल, अश्वनी अग्रवाल, रवि पांडे, लखन लाल कश्यप, दुर्गा यादव, रंजीत छाबड़ा समस्त मेडिकल व्यापारी उपस्थित थे।

### बाइक रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**लोरमी।** अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ दवा विक्रेता संघ के द्वारा दवा व्यवसाय का एक दिवसीय बंद को पूर्ण समर्थन देते हुए दवा व्यसायियों ने नगर में बाइक रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान व्यसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष निरंजन अग्रवाल, प्रदेश संगठन सचिव सुरेश शर्मा, पूर्व नप अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, अशोक छाबड़ा, नप उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, डब्बू सलूजा, अविश यादव, अमित शिवहरे, रामगोपाल अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, दुर्गा यादव, जीवन साहू, अवधेश, रमेश, राजेंद्र तिवारी, संजय पांडे, सोनू कश्यप, जितेंद्र साहू, गोलू, संदीप जायसवाल, लखन कश्यप, अभिषेक तिवारी, कलीम खान, अभिषेक मौर्य, लक्ष्मी चंद्राकर सहित कई केमिस्ट उपस्थित रहे।

## शराबखोरी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**पथरिया।** ग्राम पंचायत बरछा के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर गांव में अवैध रूप से संचालित शराब बिक्री और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि गांव में कई स्थानों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब एवं संवेदनशील बनता जा रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम बरछा से बैजना जाने वाले मार्ग, नदी किनारे, एनीकट के पास तथा खेल मैदानों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यहां खुले में शराब सेवन कर कांच की बोतलें फोड़ी जाती हैं, जिससे राहगीरों, विद्यार्थियों, किसानों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेल मैदान और खेतों की ओर आने-जाने वाले लोगों के साथ कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। खासकर स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं में भय का माहौल बना हुआ है। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इन स्थानों पर नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए तथा अवैध शराब बिक्री और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा का वातावरण कायम रह सके।

## खेत में लगे करंट की चपेट में आने से 3 भैसों की मौत

**लोरमी।** भारतसागर बांध के कैचमेंट क्षेत्र में खेत में लगी धान की फसल को जंगली जनवरों से बचाने अवैध रूप से लगाए गए करंट के चपेट में आने से तीन पालतू मादा भैसों की दर्दनाक मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृत मवेशी मालिकों की रिपोर्ट पर किसान के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवाडीह निवासी वीरेन्द्र पिता मनोहर, नन्दू यादव, युवराज ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, ग्राम गुनापुर के भारतसागर बांध के कैचमेंट क्षेत्र के अंदर खेत मालिक उमेश यादव ने धान की फसल की सुरक्षा के लिए लगभग दो एकड़ खेत में तार से फेंसिंग किया है, जिसमें करेंट प्रवाहित था। मंगलवार दोपहर 3 बजे वीरेंद्र पिता मनोहर यादव निवासी ग्राम नवाडीह, नन्दू यादव व युवराज यादव की भैंसे चाके की तलाश में निकली थीं, इसी दौरान विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर मौके उनकी 3 भैसों की दर्दनाक मौत हो गई। जब मवेशी देर शाम घर नहीं लौटे तो मालिक उनकी तलाश में उक्त स्थल पहुंचे, जहां भैंसें मृत मिलीं। गौरतलब है कि, गुनापुर जंगल से सटा हुआ है, भारतसागर बांध में बड़ी संख्या में जंगली जीव भी पानी एवं खाने की तलाश में आते हैं। ऐसे में करेंट प्रवाहित तार लगाकर बड़े शिकार की कोशिश से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

## किराना दुकानों के सामने कांग्रेसियों ने जताया विरोध




**जरहागांव।** देश में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जरहागांव क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन किया। सोना-चांदी, खाद्य तेल, दाल, चावल, आटा एवं अन्य आवश्यक राशन सामग्रियों की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कहा कि महंगाई से गरीब, मध्यमवर्गीय परिवार, किसान, मजदूर एवं व्यापारी सभी वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रत्याशी संजीत बनर्जी, ब्लॉक अध्यक्ष तारणी विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष टेकलाल निर्मलकर, उत्तर आनंद, मकराल यादव, जिला सचिव राजेंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष विनय यादव, महामंत्री सतीश यादव, साधराम ध्रुव, विनोद आहीरे, थानु सिंह राजपूत, राम सोनकर, वीरेंद्र कुमार अहीर, विष्णु खुटे, राजू जायसवाल, निहाल मसीह, अंकित मसीह, सुनील साहू, कृष्ण यादव, आकाश कुर्रे, बबलू पटेल (पार्षद बरेला), पवन पटेल, गोरेलाल, लोकनाथ आनंद, राजेंद्र कश्यप, इकु जायसवाल, मनहरण यादव, ईश्वर चतुर्वेदी, सुनील मिश्रा, रामनाथ धुरी, विमल सहित जरहागांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बढ़ती मंहगाई को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन




**लोरमी।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बुधवार 20 मई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी एवं डिंडोरी के संयुक्त नेतृत्व में लगातार बढ़ती मंहगाई एवं पेट्रोल-डीजल की किल्लत, सराफा बाजार में बढ़ते हुए सोने चांदी की कीमतों के विरोध में कांग्रेस कार्यालय लोरमी के सामने प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष लल्ला ठाकुर, श्याम सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष, पवन अग्रवाल, महा सचिव मायारानी सिंह , जिला उपाध्यक्ष खुशबू वैष्णव, मेन भार्गव, कश्यप, पुरुषोत्तम मार्को, मध्यम पटेल, देवा मार्को, सोहन वर्मा, प्रकाश वैष्णव, आकाश वैष्णव, रामनिहोरा, भागवत ढीमर, हेमंत मानिकपुरी, मुरली दीना कश्यप, शान सोनी, हेमिन मंगेशकर, विद्यानंद चंद्राकर,संतोष राज, सगिरा खान, लक्ष्मी गुप्ता संदीप, विकाश सेन, कैलाश कृष्णा यादव, मिलाऊ श्याम, अन्नू रजक, नीलू डिमर, मुन्ना ध्रुव, भागीरथी जायसवाल, रवि, रेशम, लाला साहू, लखन यादव, शंकर खत्री सहित अन्य मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन रामस्वरूप श्याम ब्लॉक अध्यक्ष डिंडोरी ने किया।

## जीपीएम जिले को मिली डायल 112 की सात आधुनिक गाड़ियां



**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूत और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 फेज-2 सेवा की शुरुआत की गई है। इसी तहत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले को सात अत्याधुनिक आपातकालीन वाहन उपलब्ध कराए गए हैं।

मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने पेंड्रा हाईस्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि डायल-112 की यह नई व्यवस्था जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होगी तथा जरूरत पड़ने पर लोगों को त्वरित सहायता मिल सकेगी। एक्के नंबर, सब्बो बर थीम पर आधारित इस सेवा के माध्यम से अब ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में भी पुलिस सहायता, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा आपदा प्रबंधन जैसी सुविधाएं केवल 112 नंबर डायल करने पर उपलब्ध होंगी। इन वाहनों में रियल टाइम लोकेशन ट्रैकिंग, आधुनिक संचार प्रणाली एवं सीसीटीवी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं, जिससे आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी होगी। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान, मुकेश दुबे, मरवाही नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## बैठक में खाद बीज वितरण की व्यवस्था पर जोर

**मुंगेली।** खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में खाद-बीज वितरण व्यवस्था को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार ही खाद एवं बीज का वितरण किया जाए। इसके लिए सभी वितरण केंद्रों में पॉश मशीन के माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य किया गया है। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और वितरण प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी रहे। शासन के निर्देशानुसार बोरी में ही खाद उपलब्ध कराया जाएगा। समितियों एवं उपार्जन केंद्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए उड़नदस्ता टीम गठित की गई है। टीम लगातार निगरानी रखेगी ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू बनी रहे। बैठक में संवेदनशील क्षेत्रों में खाद वितरण को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया गया। एडीएम ने किसानों को खाद वितरण संबंधी सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा।

## ठेका कर्मचारी की एमजीआर रेल लाइन पर मिली लाश



**सीपत।** एनटीपीसी के सीपत परियोजना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। एनटीपीसी सीपत के एमजीआर रेल लाइन में सुबह लगभग 11:45 बजे सीआईएसएफ के जवानों को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला।

घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस की मौजूदगी में मृतक की शिनाख्त अमृतांशु सिंह पिता धनंजय सिंह के रूप में हुई। वह मूल रूप से बिहार राज्य के रोहतास जिले के काराकाट थाना अंतर्गत ग्राम बेलवाई निवासी था। वर्तमान में वह एनटीपीसी सीपत में स्टेज-3 निर्माण कार्य कर रही मेसर्स आरवीपीआर एजेंसी में स्टाफ के रूप में कार्यरत था। घटना के बाद परियोजना क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## पहले ही दिया जा चुका था नोटिस

# दाऊपारा मुख्यमार्ग से हटाया गया अतिक्रमण



**मुंगेली।** नगर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से आम नागरिकों को राहत दिलाने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार बड़ा कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार की सुबह मुंगेली के व्यस्ततम बिलासपुर मुख्य मार्ग पर दाऊपारा से लेकर कलेक्टर निवास एवं नगर पालिका सीमा तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए व्यापक संयुक्त कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस पहल से शहर को व्यवस्थित, सुंदर और सुगम यातायात उपलब्ध होगा।

एसडीएम अजय शतरंज ने बताया कि राजस्व एवं नजूल विभाग द्वारा सीमांकन कर अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया था। कार्रवाई से पहले नगर पालिका और राजस्व विभाग द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए दुकानदारों एवं व्यापारियों को मुनादी कराकर स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की गई थी। प्रशासन की समझाइश का सकारात्मक असर देखने को मिला और कई व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपने शेड, काउंटर एवं सड़क-नाली पर किए गए अतिरिक्त कब्जे हटा लिए। इसके बाद शेष अतिक्रमणों को प्रशासनिक अमले ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटाया। इस संयुक्त अभियान में नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग, नजूल विभाग एवं पुलिस विभाग की टीम सुबह से ही सक्रिय रही। सड़क किनारे फैले अवैध टीन शेड, चबूतरे और मलबे को हटाकर मार्ग को व्यवस्थित किया गया। नगर पालिका के सीएमओ होरी सिंह ठाकुर ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल सड़क चौड़ीकरण नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा और शहर के सौंदर्यीकरण को सुनिश्चित करना भी है। प्रशासन द्वारा दाऊपारा से कलेक्टर निवास तक मुख्य सड़क के दोनों ओर आधुनिक एवं सुव्यवस्थित फुटपाथ का निर्माण कराया जा रहा है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं सुबह-शाम सैर करने वाले नागरिकों को सुरक्षित और सुगम मार्ग उपलब्ध होगा। फुटपाथ निर्माण के बाद राहगीरों को सड़क दुर्घटनाओं के खतरे से राहत मिलेगी और यातायात भी अधिक सुचारू हो सकेगा। उन्होंने व्यापारियों एवं नागरिकों को नालियों और फुटपाथों पर दोबारा कब्जा नहीं करने की समझाइश दी है।

## मंडी चौक एवं बस स्टैंड में वाटर कूलर का उद्घाटन



**तखतपुर।** स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए नगर में स्व. हरबंस सिंह बग्गा की स्मृति में वाटर कूलर लगाया गया। भीषण गर्मी एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा तखतपुर के मंडी चौक एवं बस स्टैंड में वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ विशेष सहयोग वरिष्ठ समाजसेवी परमजीत सिंह बग्गा (रिंकू) सहित नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने संस्था के इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर पुनीत सेवा कार्य में स्वयं सिद्धा फाउंडेशन की संस्थापिका ऋतु साहू, अध्यक्ष चंचल सलूजा, सचिव नवीन चंद्र दुबे, आदर्श सराफ, श्वेता सिंह, रम्या सुभाष, विजय लक्ष्मी एवं विमला रजक सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### दो लोगों से लूटपाट कर भागे एक्टिवा सवार युवक

**बिलासपुर।** दो लोगों से मोबाइल व नकद लूटकर एक्टिवा सवार युवक भाग गए। पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई है। सकरी पुलिस के अनुसार, लोखण्डी निवासी गोपी कुमार धीवर पिता मेलाराम धीवर सीएमएस वाहन से एटीएम में पैसा जमा करने का काम करते हैं। 20 मई को सुबह 11 बजे वे बाइक से अपने आफिस मंगला चौक जा रहे थे। लोखण्डी ओवरब्रिज के पास एक्टिवा सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनसे मोबाइल लूटकर भाग गए। दूसरी घटना में दयालबंद निवासी राजेश अग्निहोत्री पिता हरिश अग्निहोत्री ने बताया, कोपरा में बन रहे डैम में काम करते हैं। 21 मई को दोपहर में अपनी बुधा के घर जा रहे थे। मधुबन चौक में युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल व 3200 रुपए लूट लिया और भाग गए। सूचना पर परिजन के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

यह समस्या नई नहीं है बल्कि कई साल पुरानी

# दीनदयाल ईडब्लूएस क्वार्टर में दूषित पानी की सप्लाई, कई जगह पाइप लाइन में लीकेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वार्ड क्रमांक 13 स्थित दीनदयाल कालोनी के ईडब्लूएस क्वार्टर के निवासी दूषित पानी पीने के मजबूर हैं। यहां के लोगों की शिकायत है कि नालियों का गंदा पानी रिसाव के जरिए पानी की टंकियों तक पहुंच रहा है और वहां से घरों में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है।

दीनदयाल कालोनी में पानी की टंकी जमीन से नीचे बनी हुई है और आसपास की नालियां जाम एवं बजबजा रही हैं। नाली का गंदा पानी सीधे टंकी में पहुंच जाता है। कई जगह पाइप लाइन भी लीकेज है जिससे दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। यहां के निवासियों का कहना है कि मजबूरी में यही पानी पीना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया यहां पानी पीने लायक नहीं है। पूरा नाली का पानी टंकी में जा रहा है और वहीं पानी घरों में सप्लाई हो रहा है। कई बार शिकायत किए लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। यह समस्या नई नहीं है बल्कि कई सालों पुरानी है और बरसात में हालत और भी खराब हो जाता है। इसके अलावा बिजली कटौती के दौरान लोगों को बाहर से पानी लाना पड़ता है। लोगों की मांग है कि टंकी को ऊपर बनाया जाए और नालियों की नियमित सफाई कराई जाए ताकि साफ पानी मिल सकें। वार्ड नंबर 13 के पार्षद रमेश पटेल का कहना है कि टंकी नीचे होने और ओवरफ्लो सिस्टम सही नहीं होने की वजह से गंदा पानी अंदर पहुंच रहा है। उन्होंने जल्द समस्या समाधान का भरोसा दिलाया है।


पानी की जांच करते नगर निगम कर्मचारी।


नाली से आ रहा गंदा पानी।

पार्षद पद के लिए अब होगा त्रिकोणीय मुकाबला

## संजयनगर वार्ड उपचुनाव निर्दलीय प्रत्याशी ने छोड़ा मैदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उपचुनाव तहत नगर निगम वार्ड नंबर 29 संजयनगर से नाम वापसी के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी स्टेनफोर्ड काटर रेड्डु ने मैदान छोड़ दिया है। निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव से हटने के बाद अब इस वार्ड में पार्षद पद के लिए भाजपा के मधुसूदन राव सहित कांग्रेस के मो. आजम खान व आम आदमी पार्टी के शाहिल खान के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होना है।

नगर निगम उपचुनाव अंतर्गत आज नाम वापसी प्रक्रिया के दौरान वार्ड नंबर 29 संजयनगर से निर्दलीय प्रत्याशी स्टेनफोर्ड काटर रेडडू ने अपना नाम वापस ले लिया है। नाम वापसी के दौरान उनके साथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा एवं इंग्रिड मैक्लाउड समेत अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। इस तरह से उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव से अपना नाम वापस लिया है। काटर रेडडू कांग्रेस पार्टी से निलंबित चल रहे हैं और उन्हें पार्टी में वापसी का आश्वासन दिया गया है। इस तरह निर्दलीय प्रत्याशी के नाम वापस लिए जाने के बाद अब चुनाव में तीन प्रत्याशी रह गए हैं। इसमें भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन राव सहित कांग्रेस प्रत्याशी मो. आजम खान एवं आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी शाहिल खान के बीच मुकाबला होना है।

- 1 जून को मतदान और 4 जून को होगी मतगणना

नाम निर्देशन प्रक्रिया के दौरान कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। 11 मई से 18 मई तक नामांकन दाखिल हुआ और 19 मई को स्क्रूटनी हुई, उसके बाद आज नाम वापसी की तिथि थी। संजयनगर में उपचुनाव तहत 1 जून को मतदान होना है और 4 जून को मतगणना होगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 5 जून तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत ग्राम रामपुर के आंगनबाड़ी केंद्र रामपुर 1 में सहायिका के 1 रिक्त पद के लिए 5 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ई-भर्ती ऑनलाईन लिंक aww.e-bharti.in में जाकर अनिवार्य दस्तावेजों की फाइल अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं। नियत समय के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।


हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152


## मुंह दबाकर युवक की हत्या पिता सहित तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशे में आतंक मचाने पर मुंह दबाकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने पिता व दो पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 19 मई को रतखण्डी निवासी गौरीशंकर पटेल पिता उमेन्द्र सिंह पटेल 23 साल की घर में मृत्यु हो गई थी। घरवालों ने पुलिस को सूचना दी कि जहर सेवन करने से गौरीशंकर पटेल की मृत्यु हो गई है। पंचनामा कार्रवाई के दौरान पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट मांगी। जिसमें दम घुटने से मृत्यु होने की पुष्टि की गई। पुलिस ने पिता उमेन्द्र सिंह पटेल, उनका बेटा शिवशंकर पटेल 18 साल व एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर तीनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। मृतक घटना दिन की रात नशे में गाली गलौज कर तोड़फोड़ कर रहा था। उसे पकड़कर हाथ पैर को रस्सी से बांध दिया। चीखने चिल्लाने पर उसके मुंह को दबा दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस को गुमराह करने पर उसके मुंह में जहर डाल दिया गया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।


आरोपी।

## तालाब में डूबकर युवक की मौत

**बिलासपुर।** तालाब में डूबकर युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमसेना निवासी सेवकराम कौशिक ने बताया, उनका बेटा हिमांशु कौशिक 20 साल बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। 21 मई को वह नहाने के लिए तालाब गया था। गहराई में जाने से डूब गया। उसकी आवाज सुनकर गांव के लोगों ने उसे तालाब से बाहर निकाला और इलाज के लिए सिम्स ले गए। डाक्टर ने परिक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।



### नाबालिग से अनाचार, आरोपी को 20 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने नाबालिग को भगाकर अनाचार करने वाले आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एसएसपी ने विचेचना अधिकारी को नकद ईनाम देकर पुरस्कृत किया है। कोटा एसडीओपी नुपूर उपाध्याय ने बताया, 13 अप्रैल 2024 को बेलगहना सिलपहरी निवासी रामसागर मानिकपुरी पिता सीपत दास मानिकपुरी 20 साल क्षेत्र की एक नाबालिग को भगाकर ले गया था। पुलिस ने पतासाजी कर तमिलनाडु शिवपेट से आरोपी को पकड़कर नाबालिग को बरामद किया गया था। पूछताछ में नाबालिग ने आरोपी के द्वारा डरा धमका देकर जबरदस्ती अनाचार करने की बात कही। विवेचक एएसआई मोतीलाल सूर्यवंशी ने पीड़िता का बयान लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायाधीश एफटीसी की कोर्ट में आरोपी रामसागर मानिकपुरी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने विवेचक एएसआई मोतीलाल सूर्यवंशी को नकद ईनाम देकर पुरस्कृत किया है।





